आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27/02/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री कल राजस्थान में 16 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे।
- शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दी श्रद्धांजलि।
- केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने धार में 107 करोड़ के दो ओवर ब्रिजों का किया लोकार्पण।
- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले ही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया।

प्रधानमंत्री- राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान और गुजरात की यात्रा पर रहेंगे। श्री मोदी राजस्थान के अजमेर में 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री मोदी 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान के सरकारी विभागों में नव नियुक्त युवाओं को 21 हजार आठ सौ से अधिक नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर असेंबली, जांच और पैकेजिंग केंद्र का उद्घाटन करेंगे। 22 हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित, यह केंद्र वैश्विक बाजार में ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। श्री मोदी इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री- वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार की गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया।

पुण्यतिथि

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अलीराजपुर के भाबरा पहुँचकर महान क्रांतिकारी को नमन किया। मुख्यमंत्री ने 'आजाद स्मृति मंदिर' में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 'आजाद स्मृति समारोह' का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर को करीब 199 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी और सिंगल क्लिक से हितग्राहियों को लाभ वितरित किया। सबसे बड़ी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद की जन्मस्थली पर उनकी स्मृति में एक प्रेरणादायी पार्क का निर्माण कराया जाएगा, जो युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार करेगा।इसके साथ हि मुख्यमंत्री ने जनसभा को सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया

चीता

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने चौथे शावक को जन्म दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने बताया कि पशु चिकित्सा टीमों की गहन निगरानी में चौथे शावक के जन्म की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि चारों शावक फिलहाल स्वस्थ हैं और उनकी सेहत अच्छी है। भारत में इस समय चीतों की संख्या 39 है। इनमें भारत में जन्मे 28 शावक शामिल हैं।

वन विभाग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास में वन विभाग के विजन डॉक्यूमेंट 'रीइमैजिनिग फॉरेस्ट रिसोर्सेस' का विमोचन किया। 'विजन@2047' नाम का यह दस्तावेज़ अगले 25 वर्षों में मध्यप्रदेश के वनों को जलवायु-सहिष्णु और जैव-विविधता से समृद्ध बनाने की एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करता है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वनों का संरक्षण न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षित करने के लिए भी अनिवार्य है। इस दृष्टि पत्र में सामुदायिक सहभागिता, प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है।

लोकार्पण

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर धार लोकसभा क्षेत्र ने आज 107 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो प्रमुख रेलवे ओवर ब्रिजों का लोकार्पण किया। सागौर और मानपुर स्थित ये ब्रिज इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना का हिस्सा हैं, जिनका निर्माण पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये ब्रिज क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और निर्बाध

आवागमन की सुविधा देंगे। उन्होंने जल्द ही आदिवासी अंचल में सीधी रेल सेवा शुरू होने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इससे व्यापार और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

विधानसभा

विधानसभा के बजट सत्र का दसवां दिन आज शिवपुरी के श्योपुर से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल पर दर्ज एफआईआर के विरोध में विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। सदन के भीतर अवैध कॉलोनियों के मुद्दे पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध निर्माण रोकने के लिए तीन महीने के भीतर एक कड़ा कानून लाया जाएगा। वहीं, पर्यटन और संस्कृति विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने 'राम वन गमन पथ' के अधूरे काम और ओरछा के विकास कार्यों में देरी पर सरकार को घेरा। इसी के साथ विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थिगित की गई।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने नीतिगत निर्णय लिया है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले न्यायाधीश का तबादला पद रिक्त होने से दो महीने पहले कर दिया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि न्यायाधीश इस दौरान उच्च न्यायालय के कामकाज से भलीभांति परिचित हो जाएं और वर्तमान मुख्य न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति के बाद पदभार ग्रहण कर सकें।

**मांडविया - सम्मेलन**

श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ आज नई दिल्ली में श्रम संहिता और अन्य पहलुओं पर आयोजित 5वें क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि केंद्र और राज्य समान भागीदार हैं और श्रम सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें मिलकर काम करना चाहिए। दो दिन के इस सम्मेलन में नियमों और विनियमों, असहमति वाले क्षेत्रों की पहचान करने और वैधानिक अधिसूचनाओं में तेजी लाने पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन में श्रम संहिताओं में उल्लिखित बोर्डों, निधियों और अन्य संस्थागत तंत्रों की स्थापना पर भी चर्चा होगी।

महाकाल -रंग-गुलाल

उज्जैन के ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर के दरबार में इस बार होली पर सुरक्षा और परंपराओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंदिर प्रशासन ने 2 और 3 मार्च को मंदिर परिसर और महाकाल लोक में रंग-गुलाल के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।प्रशासक ने बताया कि श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि पुजारी, सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी भी परिसर में रंग लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। हालांकि, परंपरा को जीवित रखते हुए त्रिकाल

आरती के दौरान भगवान को 1-1 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरे परिसर की कड़ी निगरानी की जाएगी।

**समाचार संक्षेप में .....**

- पन्ना जिले में 5 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया । इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में 100 वॉलंटियर्स तैयार किए गए।
- देवास जिले में गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कार्य 07 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। जिले के लगभग 32 हजार किसानों ने अब तक पंजीयन कराया है।
- आज एस.बी.आई. आरसेटी अशोकनगर द्वारा संचालित 6 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर बैंक सखी को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।
- झाबुआ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मेघनगर, कालीदेवी और भगोर क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान के तहत विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 17 नमूने जांच के लिए लिए गए।
- जिला पंचायत खण्डवा के सभागृह में "जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड, जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति" की बैठक आयोजित की गई।

..........................